सेवा में,

अंतर्गत न्यायालय

न्यायमूर्ति अरूण कुमार त्यागी

न्यायिक सदस्य नेशनल ग्रीन त्रिबुनल

नई दिल्ली।

विषय :- मूल परिवाद पत्र सं०-399/2022 के संबंध में।

रामएकवाल राय बनाम सरकार

रामएकवाल राय की ओर से

आवेदन पत्र।

महाशय,

उपर्युक्त नालसी आवेदन के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा बन विभाग बिहार सरकार को निर्देशित किया गया था कि मुजफ्फरपुर जिले अंतर्गत मोतीपुर प्रखंड में पनसलवा समेत तमाम जगहों पर जहाँ अवैध रूप से आरा मिल, विनियर मिल एवं पिलिंग मिल सैकड़ो कि संख्या में संचालित है। जिसके लिए मैने श्रीमान् के न्यायालय में आवेदन दिया जिसमें सुनवाई के दरम्यान उसे पूर्णत: उखाड़ कर हटाने हेतु माननीय न्यायालय का आदेश निर्गत हुआ था। लेकिन वन प्रमंडल पदाधिकारी तिरहुत के नेतृत्व में पहले एवं दूसरे दिन का कारवाई निष्पक्ष एवं संतोषजनक रहा जिसमें लगभग एक दर्जन मिलो को उखाड़ कर नष्ट और जप्त किया गया। लगा कि श्रीमान् के न्यायालय का आदेश का पूर्णत: पालन हो रहा है। उसके बाद अचानक से अवैध मिल मालियों के बीच मचे हड़कम्प से सौदेबाजी हेतु दो तीन दिन तक कारवाई को विभाग के पास स्थागित कर दिया गया। इसी बीच बिचौलिया द्वारा वन विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी के साथ मिलजुल कर मिल मालिको से मोटी रकम वसूली कर करवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कराया

Scanned with CamScanner

गया। लाखो रूपये कि लगत से खड़े अवैध मिल से जप्ती के नाम पर महज छोटे उपकरण जैसे:- रिंज, पिलास व अन्य छोटे सामग्री जप्त कर कारवाई के नाम पर खानापूर्ति किया गया। आज भी उन सभी जगहों पर अवैध मिल स्थापित है और चोरी छिपे संचालित किया जा रहा है। यह गंभीर जांच का विषय है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी तिरहुत के द्वारा कारवाई का दौहरा पैमाना क्यों अकतियार किया गया। हालांकि इनके विषय में ज्ञात हुआ है इससे पूर्व पदस्थापित गया प्रमंडल में कि इनके द्वारा करोड़ो रूपया का सरकारी राशि का गबन कर वितीय अनियमितता किया गया है जिसके लिय विभागीय कारवाई चल रही है।

अत: श्रीमान् से प्रार्थना है कि मुजफ्फरपुर जिले अंतर्गत मोतीपुर प्रखंड व अन्य प्रखंडों में अवैध रूप से संचालित हो रहे आरा मिल, विनियर मिल से प्लाई मिल का निष्पक्ष करवाई करते हुए पूर्णत: नष्ट और बंद करने की कृपा करेंगे। जिससे कि मुजफ्फरपुर जिला को बढ़ते प्रदूषण के खतरे को कम किया जा सके इस हेतु आवेदन श्रीमान् का सदा आभारी रहेगा।

श्रीमान् का विश्वासी

राम एक बाल राय

(रामएकवाल राय)

परिवादी

ग्राम-भटौलिया

पोस्ट-ब्रह्मपुर कर्मण

थाना-मोतीपुर

जिला-मुजफ्फरपुर

मो०नं०-9835086923

दिनांक-03.01.23

<u>प्रतिलिपि:-</u>

1. P.C.C.F, बिहार
2. प्रधन सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार।
3. मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना।

Scanned with CamScanner